प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 24.09.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया।

- भारतीय जनता पार्टी ने श्री कर्मवीर को छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया है।

- बस्तर दशहरे के तहत आज जगदलपुर में ''डेरी गड़ाई'' की रस्म अदा की गई।

- मौसम विभाग ने बस्तर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

मुख्यमंत्री—राष्ट्रीय सेवा योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि युवा शक्ति विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। वे आज रायपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने एनएसएस स्वयंसेवकों से सेवा संकल्प अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एआई मिशन के तहत छह लाख विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए पांच सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

भाजपा—केंद्रीय नेतृत्व बदलाव

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए श्री कर्मवीर को छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। वे प्रदेश महामंत्री पवन साय का स्थान लेंगे। पवन साय को झारखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कर्मवीर वर्ष दो हजार बाईस से झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे।

वहीं, राष्ट्रीय सह—संगठन महामंत्री शिवप्रकाश को छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा का प्रभार सौंपा गया है।

किरण सिंह देव—रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव उपचार के बाद कल दिल्ली से रायपुर लौटे। रायपुर विमानतल पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

आंगन मिलन सेवा

''सेवा संकल्प अभियान'' के तहत महिला और बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में कल पच्चीस सितंबर से छह अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से होने जा रही इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी माताओं,

बच्चों, महिलाओं और समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य तथा महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी से जोड़ना तथा जनभागीदारी को मजबूत करना है।

वित्त मंत्रालय–बैंक

वित्त मंत्रालय ने बताया है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार सत्ताईस सितंबर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस–यू.एफ.बी.यू. द्वारा अट्ठाईस से तीस सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिन की राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के चलते उठाया गया है।

सेवा संकल्प अभियान–कैप्सूल–01

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 'जन सेवा से देश सेवा' के मंत्र और निरंतर समर्पण से परिभाषित रही है, जो आज भी जारी है। सेवा और सुशासन की इसी सोच से प्रेरित होकर सरकार वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

आज की इस विशेष श्रृंखला 'सेवा संकल्प अभियान' में हम आपको एक जिला–एक उत्पाद यानी ओडीओपी के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

किसी जिले की पहचान वहां की मिट्टी, खेती, वन संपदा और पारंपरिक हुनर से भी होती है। इन्हीं स्थानीय खूबियों को देश और दुनिया के बाजार तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 'एक जिला–एक उत्पाद' यानी ओडीओपी पहल शुरू की है।

ओडीओपी का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले के कम से कम एक विशिष्ट उत्पाद का चयन कर उसकी पहचान, ब्रांडिंग और प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना है। उत्पादों का चयन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थानीय उत्पादन व्यवस्था, निर्यात की संभावनाओं और जीआई–टैग वाले उत्पादों को ध्यान में रखकर किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में वर्तमान ओडीओपी सूची में प्रदेश के सभी तैंतीस जिले शामिल हैं। बस्तर और कोंडागांव में बेल मेटल और बस्तर क्राफ्ट, बलरामपुर में जीराफुली और बिसनी चावल, बिलासपुर में ब्लैक राइस, जांजगीर–चांपा और सक्ती में कोसा, जशपुर में लीची, गरियाबंद में चिरौंजी तथा सुकमा में लकड़ी शिल्प और मिलेट आधारित उत्पादों को चिन्हित किया गया है।

सेवा संकल्प अभियान–कैप्सूल–02

ओडीओपी के जरिए ऐसे पारंपरिक उत्पादों को बड़े बाजार और नई पहचान मिलने से कारीगरों के हुनर को आगे बढ़ाने तथा स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर मजबूत करने की संभावनाएं बढ़ती हैं। साथ ही, उत्पाद की पहचान उसके जिले और स्थानीय संस्कृति से जुड़ी रहती है।

टॉय बैंक–खिलौना दान

सेवा संकल्प अभियान के तहत रायपुर में टॉय बैंक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के लिए खिलौने एकत्रित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने टॉय बैंक में खिलौने दान कर अभियान की सराहना की और लोगों से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रसारित की जा रही है। इसी कड़ी में आज शाम सात बजे स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण पर इस मिशन की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

बस्तर दशहरा—डेरी गड़ाई

पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज जगदलपुर स्थित सिरहासार भवन में 'डेरी गड़ाई' की रस्म संपन्न हुई। इस रस्म के तहत बस्तर जिले के ग्राम बिलोरी से ग्रामीण दो विशेष काष्ठ स्तंभों को लेकर सिरहासार भवन पहुंचे, जिन्हें स्थानीय बोली और संस्कृति में डेरी कहा जाता है। इसके बाद सिरहासार भवन में इन काष्ठ स्तंभों की पारंपरिक मंत्रोच्चार और पूजा—अर्चना के बाद स्थापना की गई। इस मौके पर सांसद और बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, उपाध्यक्ष बलराम मांझी सहित मांझी—चालकी, नाइक—पाइक, मेम्बर—मेम्बरीन, पुजारी, गायता, सिरहा—गुनिया, पेरमा सहित पारंपरिक मुखिया और श्रद्धालु मौजूद थे।

गौरतलब है कि डेरी गड़ाई रस्म के बाद बस्तर दशहरा के लिए विशालकाय दोमंजिला रथ का निर्माण कार्य शुरू हो जाता है।

मौसम / बारिश—01

बस्तर संभाग सहित प्रदेश के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटों से तेज बारिश होने के समाचार मिले हैं। वहीं, मौसम विभाग ने बस्तर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि चक्रवात "अरनव" के असर से अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश होगी। वहीं, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिले के कुछ स्थानों में भी तेज बारिश होने की चेतावनी दी गई है।
होल्ड बाईट—गायत्री वाणी (30 सेकेण्ड)

दंतेवाड़ा जिले में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नदी—नालों का जलस्तर बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है।
होल्ड बाईट—नरेश मिश्रा (37 सेकेण्ड)

वहीं, सुकमा जिले में भी पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसके कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, नदी—नालों में जलप्रवाह बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे उफनते नदी—नालों को पार न करें।

मौसम / बारिश—02

इस बीच, खैरागढ़—छुईखदान—गंडई जिले के झीकादाह गांव में कल खेत में काम कर रहे मजदूरों पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य मजदूर झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए खैरागढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

- राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नीट—पीजी दो हजार छब्बीस का परिणाम घोषित कर दिया है।
- कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने को 'हाईएस्ट शुगर रिकवरी इन अदर एरिया' श्रेणी में नेशनल एफिशिएंसी अवॉर्ड प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह पुरस्कार प्रदान किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>